वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 14 | शनिवार 13 मई 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## स्ट्राइप्स डांस कम्पनी के कलाकारों ने बिखेरे पश्चिमी रंग

### 'इन कन्वर्सेशन विथ डांस' थीम पर बैले और लैटिन डांस की मनमोहक प्रस्तुतियों ने बांधा समां



जयपुर. शाबाश इंडिया। बैले एक्सपोजे के 8वें संस्करण का आयोजन शुक्रवार शाम को जयपुर के महाराणा प्रताप सभागार में किया गया। इस वर्ष बैले एक्सपोजे 'इन कन्वर्सेशन विथ डांस' थीम पर आयोजित हुआ। थीम की ओर से दर्शाया गया कि किस तरह से मूवमेंट्स रचनात्मकता को प्रेरित करते हैं और हमारे शरीर के माध्यम से विभिन्न भावनाओं को किस खूबसूरती से व्यक्त करते हैं। यह उन भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने का माध्यम है, जो हर कलाकार के अंदर होते हैं। कार्यक्रम में 5 से 45 वर्ष की आयु की करीब 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। शो में युवा लड़कियों और महिलाओं ने ऑथेंटिक लैटिन, शास्त्रीय और बॉलीवुड ट्यून्स पर अनूठे बैले और लैटिन डांस की प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। यह आयोजन स्ट्राइप्स डांस कम्पनी की ओर से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत अनोखे बैले और कथक फ्यूजन शैली में गणेश वंदना के साथ हुई। जिसमें बैले अदिति सोमानी मानसिंगका और अनिका भार्गव व कथक कृति अग्रवाल और आनवी अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रतिभागियों ने विभिन्न ऑथेंटिक लैटिन और बॉलीवुड ट्यून्स जैसे 'रेनड्रॉप्स', 'होल न्यू वल्र्ड', 'नेवर इनफ', 'ट्राई एवरीथिंग', 'कसूर' आदि पर मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इसके अतिरिक्त 'बेला चाओ' और 'परहैप्स' पर लेडीज सालसा भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का समापन 'जग चंगा' और 'टाईम ऑफ माय लाईफ' के मेडले पर सुंदर प्रस्तुति के साथ हुआ।

## प्रदेश की हस्तियों को मिला प्राइड ऑफ राजस्थान अवॉर्ड

### राजीव अरोड़ा बोले- राजस्थान में 2019 की तुलना में आए 8 करोड़ अधिक घरेलू पर्यटक

जयपुर. कासं

केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से एसोसिएशन ऑफ डोमेस्टिक टूर ऑपरेटर्स ऑफ इंडिया के राजस्थान चैप्टर का शुक्रवार को होटल द रॉयल आर्किड, जयपुर में राजस्थान डोमेस्टिक टूरिज्म स्टेकहोल्डर्स कॉन्क्लेव के प्रथम संस्करण का आयोजन हुआ। कॉन्क्लेव में पैनल डिस्कशनंस, मुख्य भाषण और इंटरेक्टिव सेशंस के माध्यम से आगामी कार्ययोजना पर चर्चा करने और विचार-विमर्श करने के लिए राजस्थान पर्यटन के सभी हितधारकों को एक मंच पर एकत्र किया गया। कॉन्क्लेव के दौरान प्राइड ऑफ राजस्थान अवॉर्ड समारोह का भी आयोजित किया गया, जिसमें पद्मश्री गुलाबो सपेरा को नृत्य के क्षेत्र में लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड, कला रत्न नृत्य सृजन पुरस्कार, हनीफ उस्ता को उस्ता कला में योगदान के लिए कला रत्न शिल्प सृजन पुरस्कार और भीम सिंह को पर्यटन में उनके योगदान के लिए पर्यटन रत्न उत्कृष्ट नेतृत्व पुरस्कार से नवाजा गया। एसोसिएशन ऑफ डोमेस्टिक टूर ऑपरेटर्स ऑफ इंडिया (एडीटीओआई), लगभग 850 से अधिक घरेलू टूर ऑपरेटरों और हॉस्पिटैलिटी पार्टनर्स की राष्ट्रीय एसोसिएशन है, जिसके सदस्य पुरे देशभर से है और भारत में पर्यटन का पुनरुद्धार के लिए सभी प्रकार की योजनाओं में अग्रणी भूमिका निभा रहे है। इस आयोजन में मुख्य अतिथि राजस्थान लघु उद्योग निगम लिमिटेड और अध्यक्ष राजस्थान निर्यात संवर्धन परिषद राजीव अरोड़ा ने कहा कि वर्ष 2019 की तुलना में राजस्थान में 8 करोड़ अधिक घरेलू पर्यटक आए हैं। यह दशार्ता है कि गोवा और केरल की तरह राजस्थान पर्यटन क्षेत्र में एक




महत्वपूर्ण स्थान रखता है। मेलों और धार्मिक पर्यटन ने राज्य को आकर्षक बना दिया है। अरोड़ा ने कहा कि राजस्थान औद्योगिक प्रोत्साहन योजना (रिप्स 2019) से पर्यटन उद्योग को लाभ हुआ है और राजस्थान सरकार ने पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया है। उन्होंने कहा कि यह बेहद आश्चर्यजनक है कि केंद्र सरकार का बजट राजस्थान से मात्र दोगुना है जबकि उसे अन्य राज्यों को भी बजट आवंटित करना होता है। विशिष्ट अतिथि भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के क्षेत्रीय निदेशक (उत्तर) आर.के. सुमन ने कहा कि भारत सरकार का पर्यटन विभाग घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देता है, जो कोरोना के बाद बढ़ा है। घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र ने कई तरह की नीतियां बनाई हैं। हम इस कॉन्क्लेव को आयोजित करने और हितधारकों से मिलने के लिए एडीटीओआई का सहयोग कर रहे हैं और जहां भी संभव होगा हम समर्थन करेंगे। राजस्थान चैप्टर के अध्यक्ष सैयद वली खालिद ने बताया कि महामारी के दौरान अत्यधिक नुकसान उठाने वाले पर्यटन उद्योग के लिए घरेलू पर्यटन ने अत्यंत आवश्यक राहत प्रदान की है।

## सीकर में जयपुर पुलिस रेंज गेम्स टूर्नामेंट: 700 पुलिसकर्मी लेंगे हिस्सा

### जयपुर रेंज आईजी उमेश चंद्र दत्ता करेंगे शुभारंभ

जयपुर. कासं

सीकर में कल से जयपुर रेंज पुलिस की 20 वीं अंतर जिला खेल प्रतियोगिता शुरू होने जा रही है। 13 मई से 15 मई तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में पुलिस की जयपुर रेंज के करीब 700 पुलिसकर्मी अलग- अलग तरीके के गेम्स खेलेंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ 13 मई को सुबह 8 बजे जयपुर रेंज आईजी उमेश चंद्र दत्ता करेंगे। सीकर एसपी करन शर्मा ने बताया कि टूर्नामेंट का शुभारंभ कल जयपुर रेंज आईजी उमेश चंद्र दत्ता सीकर की पुलिस लाइन ग्राउंड में करेंगे। 13 मई से 15 मई तक चलने वाले इस टूर्नामेंटमें पुलिस की जयपुर रेंज के 6 जिलों के 700 पुलिसकर्मी हिस्सा देंगे। जिनमें कॉन्स्टेबल से लेकर एसपी लेवल तक अधिकारी हैं। 15 मई को शाम 4 बजे प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी होगी जिसमें पुलिस मुख्यालय के उच्च अधिकारी शामिल होंगे। इस टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग में हॉकी, बास्केटबॉल, वॉलीबाल, फुटबॉल, कबड्डी, हैंडबॉल,कुश्ती, जूडो,वूशु, ताइक्वांडो, बैडमिंटन, एथेलेटिक्स, खो-खो, वेट लिफ्टिंग और पावरलिफ्टिंग गेम्स होंगे। जबकि पुरुष और महिला कैटेगरी में



1000 मीटर रेस, 5000 मीटर रेस,1500मीटर रेस, 800 मीटर रेस,400 मीटर रेस,200 मीटर रेस, 100 मीटर रेस,3000 मीटर रेस,4100 मीटर रिले लेस, 110 मीटर हर्डल रेस,4400 मीटर रिले रेस,ट्रिपल जंप, लोंगजंप, हाईजंप, पोल वाल्ट, डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो, शॉटपुट,जेवलिन थ्रो, मैराथन, डेकालथन गेम्स होंगे। खिलाड़ियों के रुकने की व्यवस्था पुलिस लाइन,प्रिंस स्कूल में रहेगी इस टूर्नामेंटमें हर गेम के फाइनल मैच होंगे। विनर खिलाड़ी आगे राज्य स्तर की टीमों में शामिल होंगे।

# परिंडे वितरण किए

## प्यासे पंछीयों को पानी पिलाए, आओ इस आदत को संस्कार बनाए




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अहिंसा सेवा व सम भाव की भावना से संचालित राजस्थान जन मंच ट्रस्ट के पक्षी चिकित्सालय के संस्थापक कमल लोचन के तत्वावधान में शुक्रवार को दिन में पदम जैन बिलाला अध्यक्ष दिगंबर जैन मन्दिर जनकपुरी , हरक चंद बड़जात्या अध्यक्ष दिगंबर जैन मन्दिर हमीरपुर टोंक व प्रमुख समाजसेवी प्रमोद जैन भँवर द्वारा कमल डायग्नोस्टिक एवं रिसर्च सेंटर के हॉस्पिटल रोड परिसर पर 500 परिन्डो का वितरण किया गया एवं दाना- पानी और नियमित साफ- सफाई की सभी को शपथ दिलाई गई साथ ही उपस्थित बंधुओ को इसका महत्व आदि समझाया गया।

## श्री श्री रविशंकर जी का जन्मोत्सव कार्यक्रम आज



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** 13 मई 2023 को श्री श्री रविशंकर जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आर्ट ऑफ लिविंग राजस्थान के स्वयंसेवक विभिन्न समाजसेवी कार्यक्रमों का अयोजन कर रहे हैं । कार्यक्रम श्रंखला के अनुसार श्री श्री रविशंकर आश्रम, सेक्टर 26, प्रताप नगर, जयपुर में सांय 4 बजे से रक्तदान शिविर तथा सांय 6:30 बजे सामूहिक गुरु पूजा का अयोजन किया जाएगा । तत्पश्चात सांय 7 बजे से आर्ट ऑफ लिविंग के प्रसिद्ध गायक सौरभ शेखावत जी और शंकर हेमराजनी द्वारा सत्संग किया जाएगा ।सभी के लिए प्रसादी का आयोजन भी है।

# चौमूबाग सांगानेर में संस्कार शिविर बेनर का विमोचन हुआ



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री पार्श्वनाथ दि,. जैन मन्दिर में दि. जैन महासमिति द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर के बेनर का विमोचन बार्ड - 89 के पार्षद गिर्राज शर्मा, मन्दिर कमेटी अध्यक्ष प्रेमचंद बडजात्या एवं मंत्री पारस सौगानी, मूलचन्दजी पाटनी द्वारा किया गया। संस्कार शिविर दि.- 14 मई 2023 से 23 मई 2023 तक इसी मन्दिरजी में सांय -7.30 वजे से 8.30 वजे तक रहेगा जिसमें बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषों की चार कक्षायें चलेगी। इस अवसर पर पार्षद शमार्जी ने धार्मिक संस्कारों के को बताया विशेषकर बच्चों के संस्कार पर बल दिया। सबसे पहले उन्होंने पार्श्वनाथ भगवान के दर्शन कर नारियल भेंट किया। पश्चात समस्त जैन समाज की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया।

# तीन दिवसीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता आज से

## देशभर के 250 से अधिक खिलाड़ी आजमाएंगे भाग्य



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** राजस्थान किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में और उदयपुर किक बॉक्सिंग एसोसिएशन की ओर से चौथी दो दिवसीय राजस्थान स्टेट किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता जूडो इनडोर हॉल महाराणा प्रताप खेल गांव चित्रकूट नगर में शनिवार 13 मई से आरंभ होगी। जनरल सेक्रेटरी पंकज चौधरी ने इस संदर्भ में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि इस प्रतियोगिता में 16 जिलों से लगभग ढाई सौ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता में जो खिलाड़ी चैंपियन बनेंगे वह आगामी दिनों में पंजाब में होने वाली नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। साथ ही नेशनल प्रतियोगिता में जो चैंपियन बनेंगे वह पुर्तगाल में होने वाली वर्ल्ड चौंपियनशिप में भाग लेंगे। चेयरमैन पुष्कर चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार की तरफ से किसी भी विजेता बच्चों को ना तो कोई सहायता राशि दी जाती है और ना ही किसी सरकारी नौकरी में लिया जाता है जबकि भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त इस संस्था की प्रतियोगिता में विजेता रहने वाले बच्चों को देश के अन्य राज्यों में सहायता राशि एवं सरकारी नौकरियां दी जा रही है। संरक्षक एडवोकेट निर्मल कुमार ने मांग की है कि राजस्थान सरकार को भी इस संस्था को जल्द से जल्द मान्यता दी जानी चाहिए ताकि इस खेल से देश को मेडल दिलाने वाले बच्चों में हताशा का भाव पैदा ना हो। अध्यक्ष डॉ.हिरेंद्र कटारिया ने बताया कि राजस्थान सरकार ने इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन से सम्बद्ध खेलों को ही मान्यता दे रखी है जबकि किक बॉक्सिंग राज्य में 11 सालों से खेला जा रहा है और इसके कोच भी हैं। **रिपोर्ट/फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'**

# दीक्षार्थी बहिनों की गोद भराई संपन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** नेमीसागर कालोनी स्थित श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में बाल ब्रह्मचारिणी उर्वशी दीदी की दीक्षा पूर्व गोद भराई की गई। श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन समाज समिति के अध्यक्ष जे के जैन कालाडेरा ने बताया कि डीमापुर में विराजित परम पूज्य आर्यिका 105 श्री गरिमामती माताजी एवं 105 श्री गंभीर मती माताजी की संघस्थ बा. ब्र. उर्वशी दीदी वर्तमान में जयपुर प्रवास पर है। उर्वशी दीदी आगामी 01 जून 2023 को डीमापुर की पुण्य धरा पर प.पू. आर्यिका गरिमामती - गंभीरमती माताजी के कर कमलों से जैनेश्वरी आर्यिका दीक्षा ग्रहण करने जा रही है। जैन धर्म की परम्परा अनुसार वैराग्य रथ की और बढ़ रही उर्वशी दीदी की दीक्षा से पूर्व जैन समाज द्वारा गोद भराई की गई है। इस अवसर पर नेमीसागर कालोनी के महिलाए एवं पुरूष उपस्थित थे।

# ठेकेदार परिवार की बेटी ने नगर का मान बढ़ाया : विजय धुर्रा

## थूवोनजी कमेटी ने किया भगवान के माता-पिता का बहूमान। घरों की शुद्धि के लिए भोजन की शुद्धि जरूरी



**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**

दशहरा मैदान बैरसिया भोपाल में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य मुनि श्री अजित सागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य में हो रहे श्री मद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव एवं विश्व शांति में अशोक नगर के ठेकेदार परिवार की बेटी श्रीमति शोभा अभय कुमार जैन को भगवान के माता-पिता बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस पर दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी ने बैरसिया पहुंच कर माता पिता का बहुमान किया। इस दौरान मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि भगवान का जन्म अयोध्या नगरी में होता उनके गर्भ में आने से छः महीने पहले से देवों द्वारा रत्न वर्षा की जाने लगती है ऐसे अलौकिक पात्र के रूप में हमारे नगर की बेटी श्रीमति शोभा ठेकेदार अभय कुमार जैन को भगवान के माता-पिता बनते देखना सुखद अनुभूति दे रहा है। हम सभी अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं इस दौरान कमेटी के संरक्षक शैलेन्द्र दददा, आडिटर राजीव चन्देरी , संरक्षक सदस्य नवीन सर ने उन्हें तिलक वंदन किया। प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने शाल श्रीफल से सम्मान किया। वहीं जैन युवा वर्ग के अभिषेक जैन, पवन करैया, ठेकेदार परिवार से आनंद जैन बस्त्र आभूषण भेंट किए।

### प्रतिभाओं को सम्मानित करने से उनमें निखार आता है

इस अवसर पर मुनि श्री अजित सागर जी महाराज ने कहा कि आज शिक्षा का शुद्ध व्यवसाई करण हो गया है ऐसे में समाज की उन प्रतिभावो को आश्रय देने की आवश्यकता है जो योग्य होते हुए भी धन अभाव में शिक्षा से वंचित हो रहे हैं धार्मिक कार्यों के साथ हमें शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधाओं की ओर आज समाज को ध्यान देना होगा । धन की कमी के कारण अपार क्षमता होते हुए भी बच्चे कुछ नहीं कर पा रहे ये स्थिति अब आगे ना बन सके इसके लिए आप सभी को सामूहिक प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओ का सम्मान भी होना चाहिए जब आप किसी प्रतिभा का सम्मान करते हैं तो सैकड़ों लोग उससे प्रेरणा प्राप्त करते हैं जो बच्चे शिक्षा से दूर हो रहें हैं वे भी प्रेरणा प्राप्त कर अपनी जिंदगी को संभाल लेते हैं।

### राम चन्द्र जी जीवन की एक एक घटना महत्वपूर्ण है

इस दौरान ऐलक श्री निजानंद सागर जी महाराज ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम चन्द्र का जीवन भारतीय संस्कृति का आदर्श व्यक्तित्व माना जाता है श्री राम के जीवन की एक एक घटना पर सैकड़ों शास्त्र लिखें गये है वे औरों के लिए नहीं वल्कि हमारे लिए ही तो लिखें गये है हमारे पास इतना समय नहीं है कि हम उन शास्त्रो को पढ सके वस दूर से नमस्कार करके इतिश्री मान लेते हैं इतने से काम चलने वाला नहीं है बैरसिया में जो पंच कल्याणक महोत्सव हो रहा है इसके लिए भी अयोध्या नगरी की जरूरत होती है आपके नगर में अयोध्या नगरी की स्थापना की तव कही भगवान जन्म लेंगे तो हमें सोचना है कि हमारे पुण्य के उदय से अयोध्या यहीं आ गई तो हम भी श्री राम के गुणो को अपने भीतर प्रकट करने का पुरूषार्थ करें।

# उपाध्याय श्री ऊर्जन्तसागरजी महाराज के सानिध्य में हुआ संस्कार शिविर पत्रिका का विमोचन




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

प्रतापनगर-8 श्री शान्तिनाथ दिग. जैन मन्दिर के सन्त भवन में ग्रीष्मकालीन वाचना प्रवास कर रहे उपाध्याय मुनि ऊर्जयन्तजी सागर महाराज के सानिध्य में दिगम्बर जैन महासमिति अंचल राजस्थान एवं समस्त संभागों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर की पत्रिका का विमोचन राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष महेन्द्र पाटनी, राष्ट्रीय महामंत्री सुरेन्द्र कुमार पाण्डया, अंचल अध्यक्ष अनिलकुमार जैन आईपीएस, कार्याध्यक्ष डॉ. णमोकार जैन, सुरेश जैन बांदीकुई, राजेन्द्र शाह, महामंत्री महावीर बाकलीवाल, कोषाध्यक्ष रमेशचन्द्र जैन, मंत्री अशोक कुमार लुहाड़िया ने किया। डॉ अरविन्द कुमार जैन मंत्री सांगानेर संभाग ने बताया कि अतिथियों का स्वागत सांगानेर संभाग अध्यक्ष कैलाशचन्द मलैया, मन्दिर कमेठी एवं महासमिति के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपाध्यायश्री के द्वारा आशीर्वाद एवं प्रेरणा दी गई। मीडिया प्रभारी दीपक गोधा की शादी की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में स्वागत किया गया। महेन्द्रकुमार पाटनी ने महाराजश्री के सानिध्य में होने वाली संगोष्ठी की जानकारी एवं अंचल अध्यक्ष अनिलकुमार ने शिविर संबंधी समस्त जानकारी दी एवं अधिक से अधिक शिविर में लाभ लेने का आह्वान किया। बाबूलाल ईटून्दा ने सबका आभार व्यक्त किया।

# एक पेड़ देश के नाम, नारी शक्ति 100 अभियान समितियां गठित करेगी



**प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया**

**भीलवाड़ा।** पर्यावरण संरक्षण के अखिल भारतीय संयोजक गोपाल आर्य के सानिध्य में नारी शक्ति की बैठक आयोजित की गई। नारी शक्ति की बैठक में गोपाल आर्य ने कहा कि, इस योजना में न पेड़ लगाना है, ना पैसा खर्च करना है, न समय लगाना है, न घर से बाहर भी नहीं जाना है। घरों में आने वाले फलों के बीजों को सुखाकर, कबाड़ से जुगाड़ के माध्यम से, प्रत्येक घर में कम से कम 10 बीजारोपण के माध्यम से इस अभियान को हमें सफल बनाना है, अर्थात घर- घर नर्सरी अभियान चलाना है। मातृशक्ति में कार्य करने का पूरा जोश था। और पर्यावरण सर्वेक्षण के बताए गए उद्देश्यों को पूरा करने का सभी ने संकल्प लिया एवं कम से कम 100 अभियान समितियां बनाने का निर्णय लिया। महिला समन्वय प्रमुख सुशीला पारीक,रेखा सोनी,राधा शर्मा,सुमन दुग्गड, हेमल राठी, दीपा शिशोदिय आदि ने भी अपने विचार रखे। **संचालन साधना मेलाना ने किया।**

## वेद ज्ञान

### स्मरण की शक्ति

स्मरण-शक्ति की प्रखरता से मनुष्य अधिक विचारशील समझा जाता है। स्मरण-शक्ति से उसके ज्ञान की परिधि अधिक बड़ी होती है। कई लोगों में प्रखर स्मृति जन्मजात रूप से पाई जाती है और वह इतनी तीक्ष्ण होती है कि दूसरे लोग चमत्कृत होते देखे जाते हैं। यह नहीं समझें कि स्मरण रखने की विशिष्ट क्षमता कोई दैवीय वरदान या जन्मजात होता है। हो सकता है कि किन्हीं विरलों को यह अनायास ही प्राप्त हो गई हो, परंतु वह अन्य शारीरिक क्षमताओं के सदृश एक ऐसी सामर्थ्य है जिसे प्रयत्नपूर्वक आसानी से बढ़ाया जा सकता है। जिस बात पर अधिक ध्यान दिया जाता है वह स्वभावतः विकसित होने लगती है और जिसकी उपेक्षा की जाती है उसका घटना भी सुनिश्चित है। किसी प्रकरण का वर्षों तक दिमाग में बने रहना और किसी का कुछ ही दिनों में धूमिल हो जाना प्रायः इसी तथ्य पर आधारित होता है। घटनाओं के प्रति यदि तटस्थ भाव बरता जाए, उन्हें निरर्थक समझा जाए तो वे स्मृति पर देर तक टिकती नहीं हैं। इसके विपरीत यदि उन्हें तन्मयता के साथ एकाग्र होकर समझने का प्रयास किया जाए तो देर तक मस्तिष्क में बनी रहती हैं। अधिकांश महत्वपूर्ण घटनाएं व्यक्ति को आजीवन स्मरण रहती हैं, जबकि दूसरी विस्मृत हो जाती हैं। वैज्ञानिक प्रयोगों से सिद्ध हो चुका है कि औसत व्यक्ति अपनी स्वाभाविक स्मरणशक्ति का मात्र दस प्रतिशत प्रयोग करता है, जबकि नब्बे प्रतिशत ऐसे ही अस्त-व्यस्त स्थिति में पड़ी रहती हैं। नतीजतन मनुष्य सामान्य स्तर का बना रहता है। यदि प्रयास में कमी न किए जाएं तो ऐसे लोग भी नियमित अभ्यास द्वारा स्वयं को बौद्धिक दृष्टि से कहीं अधिक सक्षम बना सकते हैं। घटनाओं को मात्र उनके कल्पनाचित्र के रूप में ही नहीं, बल्कि तात्पर्य और फलितार्थ को भी ध्यान में रखते हुए यदि मानसपटल पर जमाया जाए तो जल्दी याद भी हो जाएगा। जो उपयोगी जान पड़े उन्हें गंभीरतापूर्वक समझने का प्रयास किया जाए और उन पर चित्त को एकाग्र किया जाए। कई-कई बार उन्हें मौन रूप से और वाणी से दोहराया जाए। जरूरी लगे तो नोट करके रखा जाए। ऐसा करते रहने से न केवल उपयोगी व आवश्यक तथ्य स्मृति में बने रहेंगे, बल्कि स्मरण शक्ति भी अनायास ही इस प्रक्रिया में बढ़ती चलेगी और व्यक्ति की प्रतिभा उसे विचारशील लोगों की श्रेणी में ला खड़ा करेगी।

## संपादकीय

# खत्म हो रहा पड़ोसी मुल्क

पाकिस्तान जिस गंभीर राजनीतिक उथल-पुथल के दौर में चला गया है, उसकी आशंका पहले से बन रही थी। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को हिरासत में लिए जाने के बाद जैसे हालात पैदा हो गए हैं, उसे संभालना सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। दरअसल, अल-कादिर विश्वविद्यालय ट्रस्ट में कथित भ्रष्टाचार के मामले में मंगलवार को इमरान खान को गिरफ्तार करने के लिए वहां जो तरीका अपनाया गया, उसे अप्रत्याशित माना जा रहा है। इमरान खुद पर दर्ज कई मामलों में से दो में जमानत हासिल करने इस्लामाबाद हाई कोर्ट गए थे, जहां अर्धसैनिक बल रेंजर्स ने उन्हें एक अन्य मामले में गिरफ्तार कर लिया और नेशनल अकाउंटिबिलिटी ब्यूरो यानी नैब को सौंप दिया। बुधवार को अदालत ने उन्हें आठ दिनों के रिमांड पर भेज दिया। गौरतलब है कि नैब पाकिस्तान में भ्रष्टाचार के मामलों की जांच करती है। हालांकि पाकिस्तान में जब से इमरान खान की कुर्सी गई है, तभी से शहबाज सरकार और सेना उनके खिलाफ शिकंजा कस रही थी। पिछले साल प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ होने के बाद से उनके खिलाफ देश भर में कुल एक सौ चालीस से ज्यादा मामले दर्ज कराए गए हैं। अंदाजा लगाया जा सकता है कि इमरान खान को घेरने के लिए शहबाज सरकार की ओर से किस शिद्दत से कार्रवाई की गई है। उन मामलों का क्या आधार है और आखिर वे किस नतीजे पर पहुंचेंगी, यह तो वहां की अदालतों के फैसलों पर निर्भर करेगा, लेकिन कार्रवाई के स्तर पर सरकार जिस तरह की जल्दबाजी में दिख रही है, उससे उसका मकसद साफ लग रहा है। हालांकि पाकिस्तान में शीर्ष पदों पर रह चुकी शख्सियतों को कानून के कठघरे में खड़ा किया जाना और उन्हें हाशिये पर डालना कोई नई बात नहीं है। लेकिन इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद ऐसा शायद पहली बार है कि पाकिस्तान के कई इलाकों में आम जनता व्यापक विरोध प्रदर्शन कर रही है। हालात यहां तक पहुंच चुके हैं कि लोग सेना के ठिकानों में भी घुस गए और उन्होंने हिंसक हमले किए। यह छिपा नहीं है कि पाकिस्तान में सरकार के कामकाज में सेना का किस स्तर पर दखल रहा है और उसका असर समूचे देश के शासन के ढांचे पर क्या पड़ा है। दरअसल, सत्ता से बाहर होने के बावजूद इमरान खान ने कई मुद्दों पर जो सार्वजनिक रुख अपनाया, बड़े विरोध प्रदर्शन जारी रखे, सेना पर भी निशाना साधा, उससे एक तरह से वहां जनमत-निर्माण भी हो रहा था। इसलिए निश्चित रूप से यह वहां की मौजूदा सरकार के लिए एक गंभीर चुनौती की स्थिति है, जो पहले ही आर्थिक मोर्चों पर गहराते संकट से निपट पाने में खुद को नाकाम पा रही है। सच यह है कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था डूबने के कगार पर दिख रही है। वहां के लोग महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ती गरीबी से लेकर अन्य मुद्दों पर लगातार परेशान हैं और इसका आक्रोश वहां अक्सर होने वाले विरोध प्रदर्शनों में फूटता रहा है। - **राकेश जैन गोदिका**



## परिदृश्य

# कौन है जिम्मेदार?

केरल में मलप्पुरम जिले के तानुर इलाके में एक नाव डूबने से पंद्रह बच्चों सहित बाईस लोगों की जान चली गई। कई घटनाएं ऐसी होती हैं, जिनमें लोगों की जान चली जाती है, मगर उसे आमतौर हादसे के तौर पर देखा जाता है और नियति मान कर उससे उपजे दुख को लेकर लोग फिर सहज हो जाते हैं। लेकिन सच यह है कि अगर ऐसे किसी हादसे के भी कारण होते हैं और कई बार ये चूक, लापरवाही, अनदेखी या पैसे कमाने की लालच का नतीजा होते हैं। केरल में मलप्पुरम जिले के तानुर इलाके में एक नाव डूबने से पंद्रह बच्चों सहित बाईस लोगों की जान चली गई। जाहिर है, इसे भी उन हादसों की कड़ी के तौर पर ही देखा जाएगा, जिन्हें किसी चूक का नतीजा माना जाता है। सच यह है कि इस तरह की ज्यादातर त्रासदी से बचा जा सकता है, अगर नियम-कायदों का थोड़ा ध्यान रखा जाए और लोगों की जान की कीमत को समझा जाए। लेकिन न तो वैसे लोगों को यह जरूरी लगता है जो महज कमाई के लिए नियमों और सावधानी के तकाजों को ताक पर रख देते हैं, न ही सरकार के संबंधित महकमों की प्राथमिकता में यह सुनिश्चित कराना होता है। इस लिहाज से देखें तो केरल उच्च न्यायालय ने इस मसले पर एक तरह से बिल्कुल ठीक टिप्पणी की है कि मलप्पुरम की नाव दुर्घटना निष्ठुरता, लालच और अधिकारियों की उदासीनता का घातक परिणाम है। कायदे से देखें तो ज्यादातर ऐसी घटनाओं की जड़ में इसी तरह की वजहें छिपी होती हैं। दरअसल, मलप्पुरम में जो नाव डूब गया, वह किसी अप्रत्याशित या अचानक हुए उथल-पुथल का परिणाम नहीं था, बल्कि उसमें बहुस्तरीय लापरवाही बरती गई थी। खबर के मुताबिक, जिस जगह पर यह दुर्घटना हुई, वहां आम सवारियों के लिए शाम छह बजे तक ही नाव चलाने की इजाजत है। लेकिन वहां एक घंटे बाद यानी शाम सात बजे और क्षमता के मुताबिक निर्धारित संख्या से लगभग दोगुना ज्यादा लोगों को नाव में सवार कर पार कराया जा रहा था। सवाल है कि जो नियम-कायदे तय किए गए हैं, उन पर अमल सुनिश्चित कराना किसकी जिम्मेदारी थी और नियमों को धता बताने की हिम्मत किसी नाव के संचालक में कैसे आई! क्या इस स्थिति के लिए भ्रष्टाचार भी एक बड़ा कारण है? पुलिस ने हादसे के शिकार हुए नाव के मालिक को गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन कानून के पालन को लेकर ऐसी सक्रियता नियमित तौर पर क्यों नहीं दिखती है, ताकि ऐसे हादसे की नौबत ही नहीं आए? विडंबना यह है कि इस बुनियादी पहलू को ध्यान में रखना और उसके मुताबिक पूर्व-सावधानी बरतना किसी को जरूरी नहीं लगता कि अगर पहले भी कोई बड़ी नाव दुर्घटना हो चुकी है और उसमें काफी लोग मारे गए तो उसके मद्देनजर हर हाल में क्या-क्या ध्यान रखा जाना अनिवार्य है। इससे पहले 2009 में केरल के ही थेक्कड़ी में एक नाव हादसा हुआ था, जिसमें पैंतालीस लोगों की जान चली गई थी। उसके बाद केरल में जल परिवहन को विनियमित करने के लिए संगठित प्रयासों की बात शुरू हुई थी। मगर आज भी हालत क्या है, यह जगजाहिर है। केरल में करीब चार हजार अंतर्देशीय नाव चलाए जाते हैं। लेकिन सभी पर्यटक जहाजों के पूरी तरह दुरुस्त होने, नियमों के तहत सुरक्षित संचालन सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी वाले महकमे खुद कई तरह के अभाव से जूझ रहे हैं।


## मोहनबाडी में हुआ आदिनाथ भवन का लोकार्पण



जयपुर. शाबाश इंडिया। सूरजपोल गेट गलता रोड जयपुर स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर मोहनबाडी (मुनि बाड़ी) परिसर में आदिनाथ भवन का लोकार्पण श्राविका रत्न समाजसेवी श्रीमती सुशीला पाटनी ने सपरिवार उपस्थित होकर अपने कर कमलों से किया। श्री दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष राजेन्द्र बिलाला ने बताया कि श्रीमती सुशीला पाटनी ने प्रातः 6.30 बजे मंदिर जी में सपरिवार उपस्थित होकर अभिषेक शान्तिधारा के पश्चात कल्याण मंदिर विधान की पूजन की। तत्पश्चात मोहनबाडी (मुनि बाडी) परिसर का अवलोकन करके प्रातः 7.30 बजे अमृत योग में आदिनाथ भवन का लोकार्पण किया। समाज के मानद महामंत्री नरेन्द्र बाकलीबाल ने बताया कि यह भवन समाज के सहयोग से समाज के विभिन्न कार्यक्रमों एवं साधू संतो के निवास के लिए बनाया गया है। उन्होंने बताया कि श्रीमती सुशीला पाटनी अनन्य गुरूभक्त कर्तव्य परायण एवं धर्मनिष्ठ श्राविका हैं उनके करकमलों से भवन का लोकार्पण होना मोहनबाडी (मुनिबाड़ी) समाज को गौरवान्वित करता है। प्रातः काल की वेला में पं प्रद्युम्न कुमार शास्त्री के कुशल निर्देशन में भवन में विधि विधानानुसार पूजन का आयोजन किया गया । लोकार्पण के अवसर पर समाज के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रहीं।

## अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी के प्रवचन से

**शाबाश इंडिया।** जीवन की सबसे महंगी चीज है आपका 'वर्तमान' जो एक बार चला जाये तो फिर पूरी दुनिया की 'सम्पत्ति' भी दांव पर लगा दो तब भी वो वर्तमान वापिस आने वाला नहीं है। इसलिए जिन्दगी नदी नाव संयोग है। तुम्हारी जिंदगी, नाव में बैठने उतरने से ज्यादा कुछ नहीं है।



नाव में बैठना जन्म है और नाव से उतरना मृत्यु जिनसे अभी तुम्हारा परिचय है, सम्बंध है, जन्म से पहले इनसे तुम्हारा कोई सम्बंध परिचय नहीं था। और ना ही मृत्यु के बाद कोई सम्बंध परिचय शेष रहेगा। तभी तो मैंने कहा कि तुम्हारी जिंदगी महज नदी नाव संयोग है। जीवन में झगड़े, अपराध, पाप तभी तक है, जब तक आँख खुली है। जीवन में भागम भाग, दौड़म दौड़ आपाधापी तभी तक है, जब तक आँख खुली है। आँख मुंदी और दुनिया खत्म। इसलिए वर्तमान के पलों को, जिंदादिली के साथ जीयें, क्योंकि अतीत मरा है, भविष्य गर्भ में है, और वर्तमान हमारे हाथ में है। जो वर्तमान को भविष्य की कल्पना में खो देते हैं, वे वर्तमान के सुख को खो देते हैं। इसलिए आज जीयें, अभी जीयें, अपनी खुशी के लिये जीयें। समय तो चलता रहेगा। सवाल यही है कि तुम समय के साथ खेल रहे हो.. या समय तुम्हारे साथ खेल रहा है? **नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**

## आचार्य अतिवीर मुनिराज का सोनीपत की ओर विहार



**सोनीपत. शाबाश इंडिया**

प्रशममूर्ति आचार्य श्री 108 शान्तिसागर जी महाराज (छाणी) परम्परा के प्रमुख संत परम पूज्य आचार्य श्री 108 अतिवीर जी मुनिराज का हरियाणा की धर्मनगरी सोनीपत में प्रथम बार मंगल आगमन होने जा रहा है। पूज्य आचार्य श्री का राजधानी दिल्ली से सोनीपत की ओर मंगल विहार चल रहा है जिसमें समाज के सभी लोग बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं। आचार्य श्री का शीघ्र ही सोनीपत मण्डी के श्री शान्तिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में भव्य मंगल प्रवेश होगा जहां पर उनके पावन सान्निध्य में अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का मांगलिक आयोजन किया जाना है। मूलनायक श्री शान्तिनाथ भगवान के जन्म-तप-मोक्ष कल्याणक के पुनीत अवसर पर श्री शान्तिनाथ महामण्डल विधान का आयोजन होगा तथा 20 मई से श्री कल्पद्रुम महामण्डल विधान एवं विश्वशांति कामना महायज्ञ का विशाल आयोजन संपन्न होगा। उल्लेखनीय है कि पूज्य आचार्य श्री के प्रथम बार नगर आगमन से समस्त समाज में हर्षोल्लास का माहौल बना हुआ है तथा सभी समाजजन मांगलिक आयोजन को भव्य रूप प्रदान करने के लिए जोर शोर से तैयारियों में जुटे हुए हैं।


# हार्दिक बधाई



श्री सर्वज्ञ ठोलिया सुपुत्र श्री अक्षय- डॉ सोनाली एन ठोलिया



सुश्री अमानी बंसल
सुपुत्री डॉ अमन - डॉ चारु बंसल

को सीबीएसई की दसवीं बोर्ड की परीक्षा में क्रमशः 96% व 95% अंक प्राप्त होने पर हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं एवं बहुत बहुत आशीर्वाद

नवीन सेन व शशी सेन जैन (नाना एवं नानी),
राकेश व श्वेता छाबड़ा (मौसा एवं मौसी)


# जे एस जी मेन उदयपुर का एक कदम जिनालय की ओर कार्यक्रम संपन्न





**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

जहां पर देव दर्शन हो, वही भव पार हो जाता है ।जहां मुनियों की वाणी हो ,वही उद्धार हो जाता है। इसी भावना को मन में लेकर जे एस जी मेन उदयपुर की ओर से अध्यक्ष शांतिलाल मेहता व सचिव कमल कोठारी के नेतृत्व में पंचतीर्थ की यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें ग्रुप के करीब 105 सदस्य ने सहभागिता निभाई। तीर्थ यात्रा का प्रारंभ शास्त्री सर्कल थोब की बाड़ी स्थित आदिश्वर भगवान के दर्शन ,पूजा, अर्चना व चैत्य वंदन के साथ शुरूआत किया । वहां से सभी भगवान नेमिनाथ के दर्शन करते हुए ,अशोक नगर स्थित दिगंबर शांतिनाथ भगवान के दर्शन किए मंदिर के इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त की। वहां से सभी सदस्य मिलकर धूलकोट स्थित शंखेश्वर पारसनाथ भगवान मंदिर में भगवान के दर्शन किए, पारसनाथ भगवान की स्तुति की। अति प्राचीन आयड जैन मंदिर में सभी सदस्यों ने भगवान के दर्शन, पूजा, अर्चना, चैत्यवंदन ,भक्ति के साथ मंगल दीपक व आरती का लाभ लिया। आयड में विराजित साध्वीभगवान के दर्शन लाभ लिया, तथा मंगल पाठ श्रवण किया। सभी मंदिर के इतिहास की जान कारी ग्रुप के वरिष्ठ सम्मानित सदस्य सुभाष मेहता ने प्रदान की।






# संगिनी जेएसजी मेट्रो ने किया सेवा कार्य-स्कूली छात्र-छात्राओं को खाद्य सामग्री वितरित की



**जयपुर. शाबाश इंडिया**


मानव व समाज सेवा के क्षेत्र में कार्यरत संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो जयपुर द्वारा सामाजिक सरोकार कार्यक्रमों की श्रृंखला में महेश नगर स्थित सेवा भारती बाल विद्यालय में बच्चों को खाद्य सामग्री वितरित की गई। संगिनी मेट्रो संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान संगिनी अध्यक्ष अम्बिका सेठी का बच्चों के बीच जन्म दिन मनाया। इस मौके पर जेएसजी मेट्रो जयपुर के संस्थापक अध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा, कार्यकारिणी सदस्य सावन सेठी, भाग चन्द पाटनी सहित संगिनी जेएसजी मेट्रो जयपुर की संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा, उपाध्यक्ष नीतू जैन मुल्तान, सचिव रेखा पाटनी, कोषाध्यक्ष दीपा गोधा, कार्यकारिणी सदस्या सुनीता जैन सहित परिवार जन उपस्थित थे। विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती विमला कुमावत ने आभार व्यक्त किया। संगिनी मेट्रो की ओर से श्रीमती अम्बिका सेठी द्वारा किए गए उक्त सेवा कार्य की अनुमोदना की गई।

# राजस्थान जैन ऑर्गेनाइजेशन की कार्यकारिणी सदस्य मीटिंग संपन्न हुई

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



अध्यक्ष मनीष झाझरी ने बताया कि सभी कार्यकारिणी सदस्यो ने नए एवं पुराने गाने की प्रस्तुति दी कार्यक्रम में पवन पांड्या महामंत्री, राजीव जैन, मुकेश कासलीवाल, विमलेश राणा उपाध्यक्ष, जितेश जैन, राजेश काला सयुंक्त मंत्री, संजय जैन कोषाध्यक्ष, रवि जैन पीआरओ उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन मुकेश कासलीवाल एवं सुशील कासलीवाल द्वारा किया गया।






# राष्ट्र संत श्री 108 पुलक सागर जी महाराज के 53वे अवतरण दिवस भव्यता के साथ मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

परम पूज्य राष्ट्र संत श्री 108 पुलक सागर जी महाराज के 53 अवतरण दिवस पर पूरे भारत वर्ष मे बडे ही धूमधाम से मनाया गया है तीन दिन तक पुलक पर्व के रुप में मनाया जाता है 11 मई को पुलक मंच द्वारा पुलक सागर विधान किया गया व संस्कृति कार्यक्रम किए गए सभी ने गुरूदेव के प्रति अपने अपने विचार विमर्श किए कार्यक्रम सयोजक- सुनीता अजमेरा रेखा छाबड़ा लीना जैन द्वारा रूप रेखा तैयार की गई धार्मिक प्रशन पूछे गए व गिफ्ट दिए गए व सभी ने अल्पहार व भोजन का आनंद लिया पुलक मंच अध्यक्ष राष्ट्रीय कार्यकारिणी इंदिरा बडजात्या ने मंच संचालन कर सभी को आगे बढने के लिए प्रेरित किया उनका बहुत-बहुत धन्यवाद।






# गणाचार्य श्री विरागसगर जी महाराज का 61वां जन्म दिवस मनाया गया

## खरगापुर जैन समाज व महोत्सव समिति ने 'चैतन्य तीर्थराज' की उपाधि प्रदान की



**खरगापुर. शाबाश इंडिया।** खरगापुर जिला टीकमगढ़ मध्यप्रदेश में परमपूज्य गणाचार्य श्री विरागसगर जी महाराज का 61 वाँ जन्म दिवस आचार्य श्री विभव सागर जी महाराज ससंघ, आचार्य श्री विनिश्चय सागर जी ससंघ, उपाध्याय श्री विरंजन सागर जी महाराज ससंघ सहित 61 पिच्छि धारी साधु-साध्वियों के मंगल सान्निध्य में 50 से अधिक ग्राम नगर के श्रद्धालुओं की उपस्थिति में मनाया गया। इस मौके पर पंचकल्याणक महोत्सव समिति, सकल जैन समाज खरगापुर व क्षेत्रीय जैन समाज द्वारा आचार्य श्री विराग सागर जी महाराज को 'चैतन्य तीर्थराज' की उपाधि प्रदान की गयी। प्रशस्ति पत्र का वाचन डॉ सुनील जैन संचय ने किया। समारोह का संचालन-निर्देशन जनसंत उपाध्याय विरंजन सागर जी महाराज ने किया। इस मौके पर आचार्य श्री विनिश्चय सागर जी, आचार्य श्री विभव सागर जी, ब्र. जय कुमार निशांत टीकमगढ, पंडित विनोद जैन रजवांस, पंडित सनत जैन रजवांस, डॉ सुनील जैन संचय, पंडित मनीष संजू आदि ने आचार्य विराग सागर जी महाराज का गुणानुवाद करते हुए अपनी विनयांजलि समर्पित की। सभा का शुभारंभ ब्र. रूबी दीदी के मंगलाचरण से हुआ। समाज श्रेष्ठि जनों ने पाद प्रक्षालन एवं विद्वानों ने जिनवाणी भेंट की। आचार्यश्री की पूजन भक्तिभाव से आर्यिका माता जी के निर्देशन में की गई। जिसमें विभिन्न राज्यों की भेषभूषा में श्रद्धालुओं ने पूजा में सम्मिलित होकर पुण्यार्जन किया। अंत अंत में आचार्यश्री का मंगल उदबोधन हुआ।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।


सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com